झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
–:: अधिसूचना ::–

राँची, दिनांक–

संख्या–15/सा०अव०–03–02/2016 का०–............/ भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–20–25–56–पर्व–1, दिनांक–8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26–1881 की धारा–25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2017 में संलग्न अनुसूची–1 में उल्लिखित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं।

2. वर्ष 2017 में संलग्न अनुसूची–2 में उल्लिखित तिथियों को कार्यपालक आदेश के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–41/2/98 बी॰ओ॰II दिनांक–09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक–1/22/2012–बी०ओ०-II दिनांक–09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881) – 26 – 1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2017 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची–3 में उल्लिखित बैंक अवकाश घोषित करते हैं।

टिप्पणी:–1. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

2. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।
3. अनुसूची–3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–
(सुनीत कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–15/सा०अव०–03–02/2016 का०–10047/ **राँची, दिनांक–** 28.11.2016

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्र०सु० तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

सुनीत 28/XI/16
सरकार के अवर सचिव।

G/RANA/NOTIFICATION HOLIDAY 2017

अनुसूची–1

वर्ष 2017 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1938 / 1939)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी	माघ – 06	गुरूवार	1
2.	महाशिवरात्री	24 फरवरी	फाल्गुन – 05	शुक्रवार	1
3.	होली	13 मार्च	फाल्गुन – 22	सोमवार	1
4.	सरहुल	30 मार्च	चैत्र – 09	गुरूवार	1
5.	रामनवमी	04 अप्रैल	चैत्र – 14	मंगलवार	1
6.	गुड फ्राईडे / अंबेदकर जयंती	14 अप्रैल	चैत्र – 24	शुक्रवार	1
7.	बुद्ध पूर्णिमा	10 मई	वैशाख – 20	बुधवार	1
8.	ईद– उल– फितर	26 जुन	आषाढ़ – 05	सोमवार	1
9.	स्वतंत्रता दिवस / जन्माष्टमी	15 अगस्त	श्रावण – 24	मंगलवार	1
10.	ईद–उल–जुहा (बकरीद) / करमा पूजा	02 सितम्बर	भाद्र – 11	शनिवार	1
11.	महाअष्टमी	28 सितम्बर	आश्विन – 06	गुरूवार	1
12.	महानवमी	29 सितम्बर	आश्विन – 07	शुक्रवार	1
13.	विजयादशमी	30 सितम्बर	आश्विन – 08	शनिवार	1
14.	महात्मा गाँधी का जन्म दिवस	02 अक्टूबर	आश्विन – 10	सोमवार	1
15.	दीपावली	19 अक्टूबर	आश्विन – 28	गुरूवार	1
16.	सूर्य षष्ठी डाला छठ (सायं अर्घ्य)	26 अक्टूबर	कार्तिक – 04	गुरूवार	1
17.	गुरुनानक जयंती	04 नवम्बर	कार्तिक – 13	शनिवार	1
18.	मिलाद–उन–नबी या ईद–ए–मिलाद (पैग़म्बर मोहम्मद का जन्म दिवस)	02 दिसम्बर	अग्रहायण – 11	शनिवार	1
19.	क्रिसमस	25 दिसम्बर	पौष – 04	सोमवार	1
	कुल दिन				**19**

टिप्पणीः– होलिका दहन–12 मार्च, महावीर जयंती–09 अप्रैल एवं मुहर्रम–01 अक्टूबर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथियों को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथियों को अवकाश रहेगा।

अनुसूची–2

वर्ष 2017 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1938 / 1939)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	गुरूगोबिन्द सिंह जयन्ती	05 जनवरी	पौष – 15	गुरूवार	1
2.	मकर संक्रांति	14 जनवरी	पौष – 24	शनिवार	1
3.	वसंत पंचमी	01 फरवरी	माघ – 12	बुधवार	1
4.	संत रविदास जयन्ती	10 फरवरी	माघ – 21	शुक्रवार	1
5.	मजदूर दिवस	01 मई	वैशाख – 11	सोमवार	1
6.	हुल दिवस	30 जुन	आषाढ़ – 09	शुक्रवार	1
7.	गणेश चतुर्थी	25 अगस्त	भाद्र – 03	शुक्रवार	1
8.	शारदीय नवरात्र आरंभ / कलश स्थापन	21 सितम्बर	भाद्र – 30	गुरूवार	1
9.	दशहरा (महासप्तमी)	27 सितम्बर	आश्विन – 05	बुधवार	1
10.	भातृ द्वितीय (भैयादूज) / चित्रगुप्त पूजा	21 अक्टूबर	आश्विन – 29	शनिवार	1
11.	छठ (प्रातः अर्ध्य)	27 अक्टूबर	कार्तिक – 05	शुक्रवार	1
12.	भगवान बिरसा मुण्डा जयंती / राज्य स्थापना दिवस	15 नवम्बर	कार्तिक – 24	बुधवार	1
	कुल दिन				**12**

टिप्पणीः– रथ यात्रा दिनांक–25 जुन एवं विश्वकर्मा पूजा दिनांक–17 सितम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

अनुसूची–3

वर्ष 2017 में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1938 / 1939)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	बैंक लेखा की वार्षिक बंदी	01 अप्रैल	चैत्र – 11	शनिवार	1
	कुल दिन				**01**